48.	Aaj, Patna	26 October 2009

सीएमएस पर्यावरण एवं वन्यजीव फिल्म महोत्सव २७ से

१५ देशों और १७ भारतीय राज्यों से १०६ फिल्में होंगी प्रदर्शित

(आज समाचार सेवा)

पटना। भारत का विशिष्ट पर्यावरण एवं वन्यजीव फिल्म महोत्सव सीएमएस वातावरण का पांचवा आयोजन इस माह की २७ से ३१ तारीख तक नयी दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में होगा। पांच दिनों तक चलने वाले इस भव्य समारोह में १५ देशों और भारत के १७ राज्यों से कुल १०६ फिल्में दिखायी जायेंगी। बुधवार को दिल्ली में इस समारोह की औपचारिक घोषणा की गयी। आयोजन प्रबंधक (कम्यूनिकेशन) नरेन्द्र यादव ने बताया कि फिल्म महोत्सव की विषयवस्तु होगी 'जलवायु परिवर्तन और स्थायी तकनीकें' जबकि मुख्य विषय होगा 'प्राकृतिक धरोहर संरक्षण।' श्री यादव ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन २७ अक्तूबर की शाम गैर पारंपरिक ऊर्जा मंत्री डा. फारुक अब्दुल्ला करेंगे। एचएसबीसी की कंट्रीहेड और समूह महाप्रबंधक नैनालाल किदवई मुख्य अतिथि होंगी। इनके अलावा समाजसेवी अन्ना हजारे, सूचना एवं प्रसार मंत्रालय के निदेशक सतीश बिंद्रा तथा फिल्म अभिनेत्री अमृता राव विशेष आमंत्रित अतिथि होंगी। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में फ्रेंच फिल्म निर्देशक यान आर्थुस बरट्रांड की चर्चित फिल्म 'होम' प्रदर्शित की जायेगी। फिल्म का उद्देश्य लोगों को जागरुक कर ग्लोबल एक्शन की प्रेरणा देना और उनको इसके प्रति पारस्परिक जिम्मेदारी का अहसास दिलाना है। वातावरण फिल्म महोत्सव की निदेशक अलका तोमर ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म, सेमिनार, वर्कशॉप, पैनल डिस्कशन और प्रदर्शनी का उद्देश्य जनसमूह को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना है। इस महोत्सव के विषयवस्तु से स्पष्ट है कि हमारा उद्देश्य सिर्फ जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या पर प्रकाश डालना नहीं बल्कि स्थायी तकनीकों के रुप में संभावित विकल्पों पर जोर डालना है। सीएमएस के चेयरमैन डा. एन भाष्कर राव ने कहा कि सीएमएस वातावरण जलवायु परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर जनभागीदारी का इंडियाका मॉडल है। महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले सेमिनार में इस बात पर चर्चा होगी कि किसी प्रकार हम शहरों में सही तकनीक का प्रयोग कर जलवायु परिवर्तन के खतरे का सामना कर सकते हैं, या उसे कर सकते हैं। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरमेंट जर्नलिस्ट कांग्रेस के दौरान उत्तर-दक्षिण के बीच के जलवायु परिवर्तन रिर्पोटिंग के बीच के अंतर को कम करने और कॉप-१५ कॉपनहेगन में हुये एग्रीमेंट को पूरा करने में पत्रकारों की भूमिका पर चर्चा की जायेगी। २९ अक्तूबर को दिल्ली बस ट्रांजिट सिस्टम पर मीडिया वर्कशॉप का आयोजन होगा। इसी दिन कम्यूनिकेटिंग क्लाइमेट चेंज पर सेमिनार होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न अभियानों और मीडिया में दिये गये जलवायु परिवर्तन के संदेशों के प्रभाव का मूल्यांकन करना है। यह सेमिनार इस अध्ययन के लिए लांचिंग पैड होगा। २७ से ३१ अक्तूबर तक जलवायु परिवर्तन पर सीएमएस वातावरण प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। २८ से ३० तक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। श्री यादव ने बताया कि ३० अक्तूबर को पुरस्कारों की घोषणा की जायेगी, जिसमें २५ पुरस्कार १६ भारतीय वर्गों के लिए और १० पुरस्कार नौ अंतरराष्ट्रीय श्रेणी के लिए होंगी। कुल पुरस्कार राशि २० लाख रुपये होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। इस अवसर पर नीदरलैंड के राजदूत मिस्टर बाब हाइनेस, प्रसिद्ध फिल्मकार महेश भट्ट और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता जानु बरुआ समारोह के सम्मानित अतिथि होंगे।